प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 14.12.2025
समय : 09:00 ए.एम.

- प्रदेशभर में आज स्वच्छता जागरूकता और श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन–मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जल महल की पाल पर श्रमदान किया।
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज कोटा में विभिन्न विकास कार्यो का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे।
- राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस आज–राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नई दिल्ली में ऊर्जा संरक्षण संबंधी पुरस्कार प्रदान करेंगी।
- पश्चिम विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर जिलों में रात के तापमान मे 1 से 3 डिग्री की बढोतरी–कई शहरों में कोहरा छाया।

राज्य सरकार के दो साल पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इस श्रंखला में आज स्वच्छता जागरूकता और श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा जयपुर के जल महल की पाल पर श्रमदान कर स्वच्छता जागरूकता कार्यकम की शुरूआत की। इस कार्यकम के तहत शहरी क्षेत्रों, जिला स्तर और पंचायत स्तर पर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर सहभागिता बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके अलावा सभी नगर निगम, नगर परिषदों और नगर पालिकाओं में स्वच्छता रैलियां, शैक्षणिक संस्थानों में जागरूकता सत्र, वार्ड–स्तरीय स्वच्छता शपथ के कार्यकम होंगे। साथ ही बाजारों में विशेष सफाई ड्राइव चलाई जाएगी। कल भी विभिन्न जिलों में प्रभारी मंत्रियों ने कई कार्यकमों में शिरकत की। कृषि मंत्री किरोडी लाल मीणा ने खेरथल तिजारा में प्रचार रथों को रवाना कर सरकार की उपलब्धियों को गिनाया।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज कोटा के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। श्री बिरला इस दौरान विभिन्न विकास कार्यो का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। वे एक सामाजिक कार्यकम में भी शिरकत करेंगे।

जैसलमेर में चल रही न्यायाधीशों की वेस्ट जोन रीजनल कांफ्रेंस आज सम्पन्न होगी। दो दिवसीय कांफ्रेंस के पहले दिन राजस्थान हाईकोर्ट ने कई नई डिजिटल पहल शुरू की। इस दौरान तीन सत्रों में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

इस बीच मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने कल भारत पाक अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर स्थित सीमा चौकी का दौरा किया। उन्होंने बीएसएफ के जवानों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही तनोट माता मंदिर में दर्शन कर देश की खुशहाली की कामना की।

केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि नया भारत केवल घोषणाओं और भाषणों से नहीं, बल्कि सशक्त राजनीतिक इच्छाशक्ति और निर्णायक नेतृत्व से बना है। श्री शेखावत ने कल बाड़मेर जिले के बाखासर में ठाकुर बलवंत सिंह बाखासर की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में यह बात कही। श्री शेखावत ने कहा कि आज भारत सीमा क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे को मजबूत कर रहा है और अत्याधुनिक तकनीक के साथ स्वदेशी हथियार निर्माण को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने बताया कि भारत शीर्ष 10 हथियार निर्यातक देशों में शामिल हो चुका है। साथ ही आधुनिक मिसाइलें, बैलिस्टिक मिसाइल सिस्टम, विमान और तेजस जैसे स्वदेशी लड़ाकू फाइटर जेट भारत में ही बन रहे है।

देशभर में आज राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया जा रहा है। ऊर्जा संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूकता बढाने और ऊर्जा दक्षता में राष्ट्र की उपलब्धियों को उजागर करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय ऊर्जा दिवस हर साल 14 दिसम्बर को मनाया जाता है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित करेंगी। साथ ही ऊर्जा संरक्षण संबंधी राष्ट्रीय चित्रकारी प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया जाएगा। राष्ट्रपति इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित

भी करेंगी। इन पुरस्कारों के लिए 680 आवेदन प्राप्त हुए थे। विद्युत मंत्री मनोहर लाल भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल से दो दिन की यात्रा पर जॉर्डन जा रहे हैं। उनकी यह यात्रा जॉर्डन नरेश अब्दुल्ला–द्वितीय–बिन अल हुसैन के निमंत्रण पर हो रही है। श्री मोदी की यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब भारत और जॉर्डन के राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। भारत, जॉर्डन का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। दोनों देशों के बीच लगभग 2 अरब अस्सी करोड़ डॉलर का व्यापार होता है।

भरतपुर में गंगा मंदिर के आस–पास के क्षेत्रों को हेरिटेज लुक प्रदान करने के लिए राज्य सरकार ने 2 करोड़ 72 लाख रुपये स्वीकृत किये हैं। इस राशि से मंदिर की मूल स्थापत्य कला को उभारकर सभी दुकानों में एकरूपता लाई जाएगी। इसके साथ ही फुटपाथ पर सेंड स्टोन बिछाया जाएगा तथा फैंसी लाइटों से सजावट की जाएगी। भरतपुर विकास प्राधिकरण की ओर से कल गंगा मंदिर के आस–पास अतिक्रमणों को हटाया गया।

पश्चिम विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर जिलों में रात के तापमान मे 1 से 3 डिग्री की बढोतरी दर्ज की गई है। वहीं आज राज्य के कई जिलों में कोहरा छाने के भी समाचार है। श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ में आज सुबह घना कोहरा छाये होने से वाहन चालको को खासी परेशानी का सामना करना पड रहा है। भरतपुर में भी घना कोहरा छाया हुआ है। विजबिलिटी 50 मीटर के आस–पास बनी हुई है।

मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से आगामी 2 दिन बादलों की आवाजाही होने से न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री हल्की बढ़ोतरी होने और राज्य के अधिकांश भागों में आगामी एक सप्ताह मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीसरा टी–20 मैच आज शाम हिमाचल प्रदेश में धर्मशाला में खेला जाएगा। यह मैच शाम 7 बजे शुरू होगा। पांच मैचों की श्रृंखला में दोनों टीम फिलहाल 1–1 की बराबरी पर हैं। श्रृंखला का चौथा मैच बुधवार को लखनऊ में खेला जाएगा। पांचवां और अंतिम मैच शुक्रवार को अहमदाबाद में होगा। उधर, आज एशियाई क्रिकेट परिषद अंडर–19 एशिया कप में, भारत और पाकिस्तान आमने–सामने होंगे। दुबई में यह मैच भारतीय समयानुसार सुबह साढ़े दस बजे शुरू होगा। भारत ने शुक्रवार को मेजबान संयुक्त अरब अमीरात को 234 रन के बड़े अंतर से हराया था। प्रतियोगिता में कुल आठ एशियाई टीमें हैं। फाइनल 21 दिसंबर को खेला जाएगा।